18-april- Jash-Bhoomi pg-1-JACKET_Layout 1 4/18/2025 8:16 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 19 अप्रैल 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

DHEERAA

*Launching*

# SKYLLA

SO **CLOSE** YET SO **FAR**

Premium **3 BHK** Apartments

Beside Jain International School, **Sakri Road, Bilaspur (C.G.)**

**19th & 20th April' 25** | **10Am** Onwards

**Exclusive 10+ Amenities**

**Modern & Vastu Compliant Design**

**Paranomic View Apartments**

PCGRERA1103250001892





**77999- 57000**

AdPRAYAS

18-APRIL- JAS AND KORIYA- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/18/2025 8:10 PM Page 1






IZOD | FORCE IX | BLACKBERRYS | Levi's | CRIMSOUNE CLUB FASHION CLOTHING | ARISTU | Beatnik
mufti | madame | JACK & JONES | INDIAN TERRAIN | RAISIN | RARE RABBIT | UNITED COLORS OF BENETTON.
PARK AVENUE | BIBA | indya | Rangriti | GINI & JONY freedom fashions | TWENTY DRESSES

# निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड द फैशन मॉल

## अम्बिकापुर अम्बेडकर चौक

## Ph 07774 230041

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 19 अप्रैल 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 32.2 डिग्री

मोर दुआर साय सरकार : विधायक ने किया आवास सर्वेक्षण

4



## खबर संक्षेप

### नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



**जशपुरनगर।** नैशनल हेराल्ड मामले को लेकर जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया। जिला भाजपा इकाई ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस पार्टी ने नैशनल हेराल्ड के जरिए बड़ा आर्थिक घोटाला किया है। पार्टी का कहना है कि नैशनल हेराल्ड की लगभग 200 करोड़ रुपये की संपत्ति को मात्र 50 लाख रुपये में यंग इंडिया कंपनी को बेच दिया गया, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार का मामला है। भाजपा नेताओं ने कहा कि जब भी भ्रष्टाचार के मामलों में ईडी और सीबीआई की कार्रवाई होती है, कांग्रेस उसे सत्ता का दुरुपयोग बताती है। जबकि स्वयं कांग्रेस ने इस मामले में गंभीर गड़बड़ी की है। प्रदर्शनकारियों ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को जेल भेजने की मांग की और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।

### पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** चरित्र शंका के आधार पर पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त टांगी को जब्त कर लिया है। बता दें कि मैनपाट के नर्मदापुर खालपारा निवासी खेलसाय खोखसा ने 16 अप्रैल को अपनी पत्नी मुड़ई बाई की टांगी से गला काटकर उसकी हत्या कर दी थी। इस घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम हेतु भेजने के साथ ही आरोपी को हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान आरोपी खालपारा निवाई 35 वर्षीय खेलसाय खोखसा आ. मनी राम ने बताया कि वह अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका करता था और इसी बात को लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। घटना दिवस को भी विवाद के दौरान उसने पत्नी मुड़ई बाई की टांगी से मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त टांगी को जब्त करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मॉडल बनाने की दिशा में उठाए गए ठोस कदम

# कुनकुरी नगर पंचायत की पहली पीआईसी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नगर पंचायत कुनकुरी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनयशील के नेतृत्व में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की पहली बैठक संपन्न हुई। यह बैठक लगभग पांच घंटे तक चली। इस दौरान नगर की जनता से जुड़ी समस्याओं विशेषकर पेयजल संकट, महिलाओं के मुद्दे, राजस्व बढ़ोतरी और डिजिटल सेवाओं के विस्तार को लेकर कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए।

बैठक में अध्यक्ष के साथ मुख्य नगर पंचायत अधिकारी, प्रतिनिधि, विभागीय प्रमुख और अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक में लिए गए सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से प्रशासनिक ⏭ शेष पेज 4 पर



बैठक में शामिल पीआईसी मेंबर।

### पेयजल समस्या का स्थायी समाधान

कुनकुरी में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या को प्राथमिकता देते हुए पीआईसी ने अनेक ठोस निर्णय लिए। पुराने वीटी पंप की बार-बार खराबी को देखते हुए उसे हटाकर नया पंप लगाने की मंजूरी दी गई। साथ ही, जल स्रोतों जैसे नदी, नाले, तालाब व कुओं की सफाई, गहरीकरण और संरक्षण हेतु कार्यों को स्वीकृति दी गई। भविष्य में संकट की स्थिति से निपटने के लिए 30 एचपी का समर्सिबल पंप भी स्वीकृत किया गया है।

### बनेगा मॉडल नगर पंचायत

अध्यक्ष विनयशील के नेतृत्व में पीआईसी ने नगर पंचायत को आधुनिक बनाने के किए कई फैसले किये। नगर पंचायत का वेबसाइट बनवाया जायेगा। पंचायत से एनओसी भवन अवज्ञा आदि कार्य ऑनलाइन घर बैठे होगे। नगर पंचायत का ड्रोन और जी15 बेस्ड सर्वे कराया जाएगा। जिससे जल संरक्षण और आवास पट्टा देने और सिटी डेवलपमेंट प्लान बनाने में आसानी होगी। नगर पंचायत में समस्या निवारण के लिए कॉल सेंटर की स्थापना और सभी पार्टी की डिजिटल आईडी प्रदान करने को मिली प्रशासकीय स्वीकृति।

### राजस्व वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण फैसले

कुनकुरी के पास जितना राजस्व आता है वह कर्मकार्यों को तनख्वाह देने तक के लिए पर्याप्त नहीं है। इस समस्या का हल निकलने के लिए पीआईसी ने कई अहम पैसाले किए है। कुनकुरी में मेला आयोजन के लिए फिर से नीलामी की शुरुआत की जाएगी। नगर पंचायत विभिन्न खेलों का आयोजन कराएगी। वोटिंग लीड और पोल पर विज्ञापन के लिए नई नीति बनाई जाएगी। दुकानों के बकाया किराया भुगतान के लिए नोटिस दिए जाने और फिर से नीलामी कराए जाने का कार्य किया जायेगा। नगर पंचायत द्वारा व्यावसायिक व सरकारी दुकान बनाये जाएंगे।

### छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाने का निर्णय

पीआईसी में कुनकुरी की माताओं बहनों के मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। महिलाओं के आत्मसम्मान को मजबूती देने के लिए जयस्तंभ चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया गया। नगर के अंतर्गत आने वाले भवन में बेटी के विवाह पर 20 प्रतिशत शुल्क में छूट देने का फैसला किया गया। महिलाओं की राशन लाने में होने वाली समस्या से निजात दिलाने के लिए पीडीएस दुकान बढ़ाने का निर्णय किया गया। सभी बालिका, बालक शाला में शौचालय निर्माण और सेनेटरी नैपकिन वेंडर मशीन लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

# गुमशुदा बच्चियों की वापसी में पुलिस ने फिर जीता भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पुलिस ने दिखाई इंसानियत की मिसाल

ऑपरेशन मुस्कान के तहत तीन नाबालिग व एक बालिग लड़की को खोजकर पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। गुम बच्चियों में से दो को हैदराबाद व एक को कानपुर से पुलिस ढूंढ लाई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी (नोडल अधिकारी ऑपरेशन मुस्कान) के दिशा निर्देश में पुलिस लगातार ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम बच्चों को ढूंढने अभियान चलाती रही है, जिसके तहत पुलिस राज्य व राज्य के बाहर से गुम बच्चों को ढूंढ कर वापस ला रही है। पुलिस ऑपरेशन मुस्कान जारी होने से अब तक 150 से अधिक गुम बच्चों ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाई है। इसी तारतम्य में पुलिस द्वारा एक सप्ताह के भीतर जिले के चार थाना चौकी क्षेत्रों में पत्थलगांव, कांसाबेल,सन्ना व आरा चौकी क्षेत्रांतर्गत दर्ज गुम बालिकाओं के प्रकरण में तीन नाबालिग ⏭ शेष पेज 4 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### परिजनों से नाराज होकर चली गई थी

थाना पत्थलगांव क्षेत्रांतर्गत एक 14 वर्षीय बालिका, परिजनों के किसी बात से नाराज हो चली गई थी, जिसके संबंध में उसके परिजनों द्वारा थाना में रिपोर्ट करने पर पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए 13 अप्रैल को ही गुम बच्ची को दस्तयाब कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इसी प्रकार थाना कांसाबेल क्षेत्रांतर्गत एक 17 वर्षीय बालिका घर वालों को बिना बताए चली गई थी, जिसे परिजनों की रिपोर्ट पर थाना कांसाबेल में प्रकरण दर्ज कर पता साजी की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस की टेक्निकल टीम व गुम बच्ची के परिजनों के सहयोग से पुलिस टीम गुम बच्ची को हैदराबाद (तेलांगना) से ढूंढ सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

# गुड फ्राइडेः संत इग्नासियुस चर्च, महागिरजाघर सहित सभी पारिशों में हुई विशेष प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- चर्चों में प्रभु यीशु के बलिदान को किया गया याद

गुड फ्राइडे के मौके पर नगर के संत इग्नासियुस चर्च, कुनकुरी महागिरजाघर सहित जिले के सभी पारिशों में विशेष प्रार्थना की गई। मसीहियों ने अपने प्रभु यीशु के बलिदान को याद किया और उनके बताए अच्छाई के रास्तों पर चलने का संकल्प दोहराया। गुड फ्राइडे वह दिन है जब प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था। मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने हंसते-हंसते सूली पर चढ़ना स्वीकार किया था।

शहर के नजदीक घोंलेंग चर्च में मुख्य अनुष्ठाता फादर दिलीप किस्पोट्टा थे। सह अनुष्ठाता फादर दीपक बेक, फादर आईजक तिग्गा एवं सिस्टर अजीत मिंज, सिस्टर विरजानिया उपस्थित थीं। दुख भोग का वृतान्त पुरोहितों के द्वारा पढ़ा गया। फादर दिलीप किसपोट्टा ने अपने प्रवचन में कहा कि जिस प्रकार प्रभु ईसा मसीह ने मानव कल्याण के लिए क्रूस में बलिदान हो गए, उसी प्रकार हमें भी मानव



कल्याण के लिए प्राण देने से पीछे नहीं हटना चाहिए। प्रभु ईसा मसीह ने क्रूस पर से देश द्रोही डाकू को क्षमा कर दिया। उसी प्रकार हमें भी अपने शत्रुओं को माफ कर देना चाहिए।

मसीही धर्म के फादर दिलीप किस्पोट्टा ने कहा वास्तव में यह शोक संताप का दिन है। इसके बावजूद सबसे बड़ा शुभ दिन के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि आज के दिन प्रभु ईसा मसीह ने क्रूस पर अपने प्राणों की आहुति देकर सारी मानव जाति के शुभ कार्य को संपन्न किया था। प्रभु ईसा मसीह ने पास्का बलि के मेमने के समान कलवारी पहाड़ पर अपना बलिदान दिया था।

जिस दिन, जिस समय यहूदी पास्का मेमने को येरुसालेम के मंदिर में वध करके अर्पित करते थे। उसी दिन और उसी समय प्रभु ईसा मसीह ने कलवारी पहाड़ पर अपने प्राण अर्पित किए।

# सन्ना में एम्बुलेंस खराब,एक्स-रे मशीन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

जिले के सन्ना क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बेहद चिंताजनक हो गई है। एक समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के रूप में कार्यरत सन्ना का अस्पताल अब केवल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बनकर रह गया है, जिससे 60 से अधिक गांवों की आबादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, अस्पताल में न तो एक्स-रे मशीन काम कर रही है और न ही एम्बुलेंस चालू हालत में है। आपातकाल की स्थिति में मरीजों को कई किलोमीटर दूर बगीचा, मनोरा या जशपुर ले जाना पड़ता है, जिससे समय पर इलाज नहीं मिल पाता और कई बार जान का जोखिम भी बढ़ जाता है। हालांकि हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर जिले में 18 नए एमबीबीएस डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है, जिनमें से एक को सन्ना भेजा गया है। इसके अलावा, जिले में ⏭ शेष पेज 4 पर



बंद पड़ी एक्स-रे मशीन।



महिनों से खराब एंबुलेंस।

### घायलों को पिकअप में लेकर आते हैं अस्पताल

सन्ना क्षेत्र की स्थिति यह है कि यदि कोई सड़क दुर्घटना हो जाए तो घायलों को समय पर एम्बुलेंस भी नही मिल पाता है। एक सप्ताह पहले दो मोटर साइकिल के आमने सामने की टक्कर में एक की मौत हो गई थी वही तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे। जिन्हें समय पर एम्बुलेंस नही मिल पाया था। जनपद सदस्य राकेश गुप्ता एवं पुलिस के जवानों द्वारा घायलों को पिकअप के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया था। समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलने पर एक घायल की मौत हो गई थी।

### एंबुलेंस कबाड़ में तब्दील

सन्ना क्षेत्र में बीआरजीएफ (पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि) के तहत मिली एंबुलेंस सालों से खराब पड़ी है। यह एंबुलेंस कभी आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा का एक अहम जरिया थी, लेकिन अब जर्जर अवस्था में खुले में फेंकी गई है। मरम्मत के नाम पर सिर्फ आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई है।

**क्या कहते हैं सीएमएचओः** सन्ना अस्पताल के संबंध में सीएमएचओ डॉ.जीएस जात्रा का कहना है कि सन्ना में 108 और 102 कि सेवा संचालित है। यदि वहां का एम्बुलेंस खराब स्थिति में है तो उसका सुधार करवाया जाएगा। एक्सरे मशीन के संबंध में जानकारी लेकर उसे भी सुधार कर लिया जएगा। ताकि वहाँ किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# विधायक ने पोड़ी में सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन



सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन करती विधायक रायमुनी भगत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- 20 लाख रुपये से अधिक की लागत से मार्ग बनने से ग्रामीणों को मिलेगी राहत

विधायक रायमुनी भगत ने शुक्रवार को पोड़ी में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गांव गांव को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे ग्राम जहां सड़के नहीं हैं वहां पर सड़कों का विस्तार के साथ जरूरत मंद हितग्राहियों को अपना पक्का आवास का लाभ दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सुशासन त्यौहार मनाया जा रहा है। विधायक ने पोड़ी से मुख्य मार्ग तक 20 लाख 80 हजार रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा इस मार्ग के बन जाने से अब पोड़ी के ग्रामीणों को अब आवागमन की सुविधा होगी एवं पहुंच की समस्या से राहत प्राप्त मिलेगी। इस अवसर पर सरपंच पोड़ी पुष्पा प्रधान, सरपंच टांगरटोली दुबराज, सरपंच पुत्रीचौरा अरुण सहित सभी वार्ड पंच, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



18 -april- Jash-Bhoomi pg-4_Layout 1 4/18/2025 8:04 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### उमेश ने जनसेवा के साथ मनाया जन्मदिन

**पुसौर।** भाजपा के उपाध्यक्ष उमेश साव ने अपना जन्मदिन स्कूली बच्चों को कापी पेन वितरीत कर मनाया। वहीं उन्होंने इस मौके पर तालाब की सफाई भी की। देश के शीर्षस्थ लोगों द्वारा अपना जन्मदिन अथवा कोई भी मांगलिक कार्य के बीच जन सेवा यथा हास्पिटल में मरीजों को फल वितरण, स्कूली बच्चों को पेन कापी वितरण, वार्डो की साफ सफाई आदि कार्य को संपन्न करा कर ही अपने लोगों से मिलकर जन्मदिन की परंपरा को निर्वहन करते रहे है। इसी कड़ी में नगर पंचायत के पार्षदों के साथ उमेश साव के जन्मदिन के अवसर पर स्कूली बच्चों को पेन कापी मुहैया कराते हुए सांकेतिक रूप से एक तालाब की साफ सफाई की और अंत में आपसी समरसता बनाए रखने केक भी काटे।

### रेडी टू ईट के लिए 21 तक आवेदन

**रायगढ़।** जिले के बाल विकास परियोजना परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा का निर्माण एवं आपूर्ति करने के लिए फर्म एवं सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत पंजीकृत सक्षम महिला स्व सहायता समूहों से आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक महिला स्व सहायता समूह अपना आवेदन 21 अप्रैल तक कार्यालयीन समय में डाक व कोरियर के माध्यम से कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ में भेज सकते है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एलआर कच्छप ने बताया कि इच्छुक महिला स्व सहायता समूह इससे संबंधित शर्ते व विस्तृत विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास बाल विकास परियोजना समस्त जिला रायगढ़ के कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है, अथवा रायगढ़ जिले की वेबसाईड में अवलोकन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### मृतक के परिजनों को अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** तहसील खरसिया के ग्राम देहजरी निवासी कमलेश्वर पटैल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के पश्चात एसडीएम खरसिया द्वारा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की अनुशंसा पर मृतक की पत्नी उर्मिला को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के तहत 25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## रायमुनी ने ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

# मोर दुआर साय सरकार: विधायक ने किया आवास सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मोर दुआर साय सरकार महाभियान के तहत विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत ने विभिन्न ग्रामों में आवास प्लस 2.0 के तहत हितग्राहियों के घरों में पहुंच कर सर्वे का कार्य किया। इसके तहत विधायक सर्वप्रथम जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम पंचायत खेडार और कोदोपारा पहुंची। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत विशेष पखवाड़ा ₹मोर दुआर साय सरकार महाभियान के अंतर्गत आवास सर्वेक्षण का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी को बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रयास है कि हर जरूरतमंद हितग्राही को अपना पक्का मकान मिल सके और एक भी व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने से वंचित ना रहे। इस अभियान के माध्यम से उन्होंने प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता को दिखाया है। अब किसी भी व्यक्ति का अपना पक्का घर होने का सपना अधूरा नहीं रहेगा।



योजनाओं की जानकारी लेते विधायक रायमुनी भगत।

### आवास प्लस सर्वेक्षण का शुभारंभ

इस अवसर पर विधायक ने ऑनलाइन ऐप्प के माध्यम से आवास प्लस सर्वे का कार्य ग्रामीणों के घर पहुंच कर किया। सोनक्यारी में उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को पक्का और सुरक्षित घर प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान उनके साथ कृपा शंकर भगत, काजल राय, नसरूल्ला सिद्धकी, आनंद कुमार यादव, बलवंत गुप्ता, जितेन्द्र ताम्रकार, अरबिंद बरवा, मणीभूषण पाठक, संजय नाग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि मोर दुआर साय सरकार महाभियान का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के ग्रामीण परिवारों को पक्का और सुरक्षित घर प्रदान करना है। इस मोर दुआर साय सरकार महाभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जा रहा है ताकि उन्हें आवास योजना का लाभ मिल सके एवं जल्द से जल्द आवास की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य कराया जा सके। यह महाभियान तीन चरणों में संचालित होगा।

## पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद जारी

# पुलिस ने गौ वंश को तस्करों के चंगुल से कराया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गौ वंश तस्करी पर अंकुश लगाने ऑपरेशन शंखनाद लगातार जारी है। ऑपरेशन शंखनाद जारी होने की तिथि से अब तक जिले में 700 से अधिक गौ वंशों को पुलिस ने तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है।

इसी तारतम्य में ऑपरेशन शंखनाद के तहत आरा चौकी क्षेत्र में 15 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति 2 नग गौ वंश को मारते पीटते दौड़ाते हुए ग्राम झिलमिली की ओर ले जा रहा है। सूचना पर आरा चौकी पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल पुलिस टीम के साथ सूचना तस्दीक हेतु झिलमिली रवाना हुआ। वहां मुखबिर के बताए अनुसार एक व्यक्ति 2 नग गौ वंश को मारते पीटते हुए जल्दी हांकते हुए जा रहा था। जिसे पुलिस टीम द्वारा घेरा बंदी कर रोका गया,नाम पूछने पर अपना नाम अल्ताफ खान पिता लालू खान उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम साईं टांगर टोली, थाना लोदाम, जिला जशपुर बताया। पुलिस द्वारा गौ वंशों से संबंधित दस्तावेजों की मांग करने पर कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। जिस पर आरा चौकी पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी अल्ताफ खान को हिरासत में लिया गया व उसके कब्जे से दो नग गौ वंश को मुक्त कराया गया है। मामले में आरोपी अल्ताफ खान पिता लालू खान, उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम साईं टांगरटोली, थाना लोदाम, जिला जशपुर (छग) के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



आरोपी गिरफ्तार।

### ऑपरेशन शंखनाद लगातार जारी

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि गौ वंश तस्कर आजकल पैदल रास्तों का उपयोग कर रहे हैं, मुखबिरी तंत्र को मजबूत किया गया है, ऑपरेशन शंखनाद लगातार जारी है।

## वन्यजीवों की प्यास बुझाने टैंकर से पानी भर रहा वन विभाग

**सारंगढ़।** वन विभाग के द्वारा जिले के गोमरडा अभयारण्य के सारंगढ़ और बरमकेला रेंज में वन्य प्राणियों के प्यास बुझाने के लिए 50 सासर एक कांक्रीट स्थल में टैंकर से जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

वन प्रबंधन का यह पेयजल व्यवस्था बेजुबानों वन्य प्राणियों के लिए जीवनदायी साबित हो रहा है। यह जल स्रोत वन्यजीवों के लिए एक महत्वपूर्ण आश्रय बन गया है, जहां वे बिना किसी खतरे के अपनी प्यास बुझा सकते हैं। जंगल में जलसंकट हमेशा से ही एक गंभीर समस्या रहा है, खासकर गर्मियों के दौरान जब पानी के स्रोत सूख जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए वन विभाग ने सासर जलस्रोत का निर्माण किया, जो अब वन्य प्राणियों के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्रोत बन गया है। इस प्रयास से न केवल बाइसन बल्कि अन्य वन्य प्राणियों जैसे बाघ, तेंदुआ, चीतल भी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्हें अब प्यास बुझाने के लिए जंगल के बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे उनकी सुरक्षा भी बनी रहती है। सीमेट से बने इस सासर की खास निगरानी होती है। हर एक सासर का एक प्रभारी नियुक्त किया गया है। टैंकर व वाहन में पानी टंकी रखकर भरता है। व्यवस्था इस प्रकार बनाई गई है कि थोड़ा भी पानी खाली होता है, तत्काल इसकी सूचना प्रभारी के द्वारा दिया जाता है।

## पृष्ठ 3 का शेष

### कुनकुरी नगर पंचायत ...

व वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

**उपस्थित सदस्य और स्वीकृति**-इस बैठक में इंजीनियर इंदीवर दुबे सीएमओ, दीपक केरकेट्टा पुनर्वास एवं सामान्य प्रशासन, इमरान खान आवास व निर्माण, मुकेश नायक स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति, रुकसाना बानी राजस्व एवं बाजार, और मुक्ति मिंज महिला व बाल विकास प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**कुनकुरी को मॉडल नगरपंचायत बनाना हमारा लक्ष्य**-नगर अध्यक्ष विनयशील ने कहा कि कुनकुरी को मॉडल नगर पंचायत बनाना हमारा लक्ष्य है। यह बैठक उसकी दिशा में पहला मजबूत कदम है।

### गुमशुदा बच्चियों की ...

बच्चियों व एक बालिग बालिका सहित कुल चार बच्चियों को ढूंढ सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया है। चार बच्चियों में से दो बच्चियों को संबंधित थाना क्षेत्र से व दो बच्चियों को हैदराबाद व कानपुर से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

**कानपुर से बच्ची हुई बरामद**-थाना सन्ना के प्रकरण में एक 20 वर्षीय बालिका परिजनों को बिना बताए 19 मार्च को कहीं चली गई थी। परिजनों द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना सन्ना में गुम बालिका का पतासाजी करते हुए पुलिस की टेक्निकल टीम व परिजनों के सहयोग से गुम बालिका को 10 अप्रैल 25 को कानपुर (उत्तर प्रदेश) से दस्तयाब कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। यहां यह बताना आवश्यक है कि उक्त तीनों बच्चियों से किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटनाएं नहीं हुई हैं।

**आरोपी बहला कर ले गया था नाबालिग को**- आरा चौकी क्षेत्रांतर्गत मामले में एक 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची को 31 जनवरी 25 को किसी व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने की रिपोर्ट पर आरा चौकी में मामला पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया था। 16 अप्रैल 25 को पुलिस को टेक्निकल टीम व परिजनों के सहयोग से पता चला कि गुम बालिका,आरा चौकी क्षेत्रांतर्गत ही एक ग्राम में एक 22वर्षीय आरोपी कुमंत राम के साथ है। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी कुमंत के कब्जे से नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी कुमंत राम को हिरासत में लिया गया है।

**आरोपी ने किया दुष्कर्म**-पुलिस की पूछताछ में नाबालिग बच्ची ने बताया कि आरोपी कुमंत राम शादी का झांसा देकर उसे भगा ले गया था, व उसका दैहिक शोषण भी किया है। जिस पर आरोपी कुमंत राम के विरुद्ध बी एन एस की धारा 87,96,64(2) व पॉस्को एक्ट की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

**ऑपरेशन मुस्कान जारी रहेगा**-मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिभूषण सिंह ने बताया कि महिला संबंधी अपराधों के प्रति पुलिस काफी संवेदनशील है, अलग अलग मामलों में चार बालिकाओं को पुलिस काफी मशक्कत कर ढूंढने में सफलता पाई है, ऑपरेशन मुस्कान जारी रहेगा।

### सन्ना में एम्बुलेंस...

14 नई एम्बुलेंस और एक शव वाहन की व्यवस्था भी की गई है, लेकिन इन सुधारों का लाभ सन्ना जैसे दूरस्थ क्षेत्र तक अभी नहीं पहुंच पाया है।

**एक्सरे के लिए भटकना पड़ता है**-सन्ना अस्पताल में कहने को तो एक्सरे मशीन लगा है, लेकिन वह सिर्फ शो पीस बनकर रह गया है। सन्ना में एक्सरे नहीं होने के कारण लोगो को भटकना पड़ता है। यदि यहाँ किसी को एक्सरे करवाना हो तो उन्हें या तो बगीचा अस्पताल या जिला मुख्यालय या फिर अम्बिकापुर जाना पड़ता है। तब कही जाकर उनका एक्सरे हो पाता है।

**समाधान की मांग की जाएगी**-इस मामले में जनपद सदस्य राकेश गुप्ता ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा,कि हमारी सरकार ग्रामीणों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है, लेकिन कुछ विभागीय अधिकारी और कर्मचारी लापरवाही बरत कर सरकार की छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। इस विषय में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जल्द समाधान किया जाएगा।

## कलेक्टर ने मधेश्वर एवं मयाली ईको पर्यटन क्षेत्र विकास हेतु की परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन केंद्र को आकर्षक बनाने की गई चर्चा

मधेश्वर महादेव पहाड़ क्षेत्र एवं मयाली ईको पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने के लिए कलेक्टर रोहित व्यास ने शुक्रवार को परियोजना निर्माण पर परिचर्चा हेतु बैठक आयोजित की। इस बैठक में कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर क्षेत्र को श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा अनुसार विकसित करने पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर मयाली ईको पर्यटन क्षेत्र में मरीन ड्राइव की तर्ज पर पाथवे निर्माण, लाइटिंग, वृक्षारोपण, बच्चों के लिए किड्स जोन, वाटर स्पोर्ट्स, पिकनिक स्पॉट, रोप एडवेन्चर, पैगोड़ा, बर्ड वॉच टावर, स्वागत द्वार निर्माण आदि पर चर्चा की गई। पर्यटकों को लुभाने के लिए मधेश्वर महादेव में आकर्षक लेसर लाइटिंग करवाने, पक्षी प्रेमियों के लिए प्रवासी पक्षियों के दर्शन हेतु बर्ड वॉच निर्माण पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने मयाली क्षेत्र के विकास के समय अधिक से अधिक प्राकृतिक वस्तुओं के प्रयोग करने को कहा। यहां पर पर्यटकों के लिए मड हाउस, ट्री हाउस, लॉग हाउस, स्विस कॉटेज निर्माण के साथ मंगल कार्यो के लिए मांगलिक भवन निर्माण पर भी चर्चा हुई। इस दौरान पर्यटकों को खाने पीने की अच्छी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए आकर्षक कैंटीन का निर्माण करने पर चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा इस निर्माण कार्य के साथ साथ विभिन्न गतिविधियों के द्वारा स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर दिलाने पर विचार किया गया।



मौके का मुआयना करते कलेक्टर के साथ विधायक।

### मधेश्वर महोत्सव का होगा आयोजन

मधेश्वर महादेव पहाड़ क्षेत्र के निकट श्रद्धालुओं की सुविधा के विस्तार के लिए कलेक्टर ने बने गुफा मंदिर में व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर क्षेत्र में पहली बार मधेश्वर महोत्सव का आयोजन इस वर्ष किये जाने की पहल की जा रही है। जिसके तहत यहां मेले का आयोजन किया जाएगा। मधेश्वर महादेव के जल अभिषेक के लिए कांवर यात्रा भी प्रारम्भ की जाएगी। पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने सभी ब्लास्टिंग कार्यों पर तत्काल रोक लगाते हुए बिना अनुमति ब्लास्टिंग कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुफा मंदिर क्षेत्र को विकसित करने के लिए परियोजना निर्माण पर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय, निखिल अग्रवाल, एसडीएम नंदजी पांडे, पार्षद अमन शर्मा, भरत सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।










